
MS Paint एक साधारण graphics/drawing editor है जो Windows के OS संस्करण में उपलब्ध हैं आप किसी भी संस्करण जैसे XP, Window 7, Windows 8, सभी में आप प्रयोग कर सकते हैं

**Basic Information of MS-WordPad**

| | |
|---|---|
| **Default Extension** | **.bmp** |
| **Run Command** | **mspaint** |
| **Minimum Zoom** | **12.5%** |
| **Maximum Zoom** | **800%** |

आप अगर MS Paint में ध्यान देंगे तो इसमें कई भाग में मेनू टूलबार और एक्सेस बार बाटा गया हैं आप स्क्रीन शॉट में देख सकते हैं




**Introduction of User Interface**

## 1. MS Paint Button

MS Paint Button इसका कार्य आपको अलग - अलग ऑप्शन सेलेक्ट करने और अपने मुताबिक एक्सपोर्ट करने के लिए होता हैं यह आपको क्विवक एक्सेस टूल बार में मिलता हैं।

## 2. Quick Access Toolbar

Quick Access Toolbar MS Paint इसके प्रयोग से आप MS  Paint  को speed  में प्रयोग करने के लिए कर सकते हैं जैसे में आपको जिस टूल का प्रयोग मेनू में जाकर करना पड़ता हैं उसे आप इस टूल के मदद से शॉर्टकट तरह से प्रयोग कर सकते।

## 3. Title bar

Title bar MS Paint यह सबसे ऊपर के भाग में रहता है इसका कार्य सिर्फ आपके फाइल के नाम को दर्शाने के लिए करता हैं अगर आप (Save) नहीं किये रहेंगे तब यह "untitled" के नाम से शो करेगा।

## 4. Ribbon

यह आप देख सकते है  जो मैंने स्क्रीनशॉट दिया है उसमे  नीले रंग से घेरा हुआ है  जिसमे आपको शेप रंग इरेज़र स्प्रे पेंट यह मिलता है यह रिबन कहलाता हैं।

**5. Scroll bar** Scroll bar MS Paint में drawing area के दो तरफ स्क्रोल बार होती है. एक बार लम्बवत (vertically) होती है, जो canvas को ऊपर-नीचे सरकाने के लिए होती है तथा दूसरी बार आडी (horizontally) होती है, यह canvas को दांये-बांये सरकाने के लिए होती है.


## 6. Status bar

Status bar drawing area के बिल्कुल नीचे होती है. इस बार के नीचे दांये कोने में “Zoom Level” नामक टूल होता है जिसकी सहायता से canvas को zoom in तथा zoom out किया जा सकता है. और बांये कोने में drawing के pixels  Size  को दिखाया जाता है तथा इसके आगे canvas की width एवं height को दिखाया जाता है।

## 7. Drawing Page Area

यह आपका page  होता है जोकि आप पेंट कर सकते हैं और कोई भी ड्राइंग करके ग्राफ़िक तैयार कर सकते हैं  इसे ही कैनवास भी कहा जाता हैं।

## Paint Button




1. **New** इसके मदद से नया पेज लेने के लिए प्रयोग करते है।
2. **Open** पहले से बने हुए existing एम एस पेंट फाइल को खोलने के लिए प्रयोग करते है।
3. **Save** खुले हुए वर्तमान पेंट को हार्ड डिस्क में सुरक्षित करने के लिए प्रयोग है।
4. **Save As** इसके कार्य भी फाइल को सुरक्षित करना होता है लेकिन इसके मदद से आप फॉर्मेट को चेंज करने तथा किसी अन्य पाथ में सेव करने के लिए प्रयोग करते है।
5. **Print** इसका प्रयोग वर्तमान में खुले हुए पेंट फाइल को प्रिंट करने के लिए किया जाता है।
6. **From Scanner or Camera** इसका प्रयोग किसी स्कैनर तथा कैमरा से कोई पिक्चर एम एस पेंट में इन्सर्ट करना हो तब प्रयोग किया जाता है।
7. **Send in E-mail** इसका प्रयोग वर्तमान पेंट फाइल को आउटलुक की मदद से किसी व्यक्ति को मेल करने के लिए प्रयोग किया जाता है।
8. **Set as Desktop background** वर्तमान पेंट फाइल को डेस्कटॉप वॉलपेपर के रूप में लगाने के लिए प्रयोग करते है। **Note: यदि हमारा फाइल हार्ड डिस्क में सेव नहीं है तो पहले आपको सेव करने के लिए सेव डायलॉग बॉक्स खुलेगा सेव करने के बाद ही बैकग्राउंड के रूप में सेव कर सकते है।**
9. **Properties** इसका प्रयोग पेंट फाइल की attribute, unit, color, width तथा height देखने के लिए प्रयोग किया जाता है।
10. **About Paint** इसका प्रयोग एम एस पेंट के बारे में जानने के लिए प्रयोग करते है इसमें आपका पेंट का वर्शन तथा ऑपरेटिंग सिस्टम नाम देखने को मिल जायेगा।
11. **Exit** खुले हुए पेंट को बंद करने के लिए प्रयोग करते है।

# Description of Home Menu

होम मेनू में आपको 5 ग्रुप मिलेंगे जो निम्नलिखित है

1. Clipboard
2. Image
3. Tools
4. Shapes
5. Colors

**Clipboard इसके अन्दर तिन आप्शन आते है।**

1. **Cut** इसके माध्यम से आप ड्राइंग के किसी भी हिस्से को सेलेक्ट करने के बाद प्रयोग कर सकते है जैसे ही आप सेलेक्ट करने के बाद कट पर क्लिक करेंगे आपके सिलेक्टेड ड्राइंग एरिया का हिस्सा हटकर क्लिपबोर्ड में चला जायेगा जो की आप पेस्ट की मदद से पेज पर पेस्ट कर सकते है।
2. **Copy** ड्राइंग का कोई भी हिस्सा सेलेक्ट करने के बाद कॉपी करने पर डुप्लीकेट होकर क्लिपबोर्ड में चला जायेगा जो की पेस्ट करने पर पेज पर लाया जा सकता है।
3. **Paste** कट और कॉपी किये गए टेक्स्ट, इमेज, ड्राइंग को पेस्ट करने के लिए प्रयोग करते है। इसेक अन्दर एक और आप्शन है पेस्ट फ्रॉम इसमें आप जब क्लिक करेंगे तब आपको किसी इमेज को सेलेक्ट करने के लिए बॉक्स खुलेगा किसी इमेज को सेलेक्ट करने के ओपन पर क्लिक करेंगे तब आपका इमेज पेंट में इन्सर्ट हो जायेगा।

**Image इसके अन्दर आपको आप्शन मिलेंगे 4**

1. **Select** इसके माध्यम से आप ड्राइंग पेज पर Rectangular तथा फ्री फॉर्म में सेलेक्ट करने के लिए प्रयोग करते है।
2. **Crop** इसके माध्यम से किसी भी (सेलेक्ट करने के बाद ही यह आप्शन काम करेगा) सिलेक्शन को क्रॉप करने के लिए प्रयोग करते है जिससे की जो हिस्सा सेलेक्ट होता है क्रॉप करने पर उतना ही हिस्सा सिर्फ बचा रहता है।
3. **Resize** इसके माध्यम से आप किसी भी सिलेक्शन का साइज़ बदल सकते है साथ ही स्केव का प्रयोग भी कर सकते है।
4. **Rotate** किसी भी सेलेक्ट किये गए ड्राइंग, ऑब्जेक्ट को घुमाने के लिए प्रयोग करते है।

**Tools इसके अन्दर आपको 7 आप्शन मिलेंगे जो कुछ इस प्रकार है-**

1. **Pencil** इसके माध्यम से फ्री फॉर्म लाइन खीचने के लिए प्रयोग करते है जो सिलेक्टेड साइज़ के अनुसार काम करता है साइज़ को घटाने के लिए शॉर्टकट कीय Ctrl+ Numpad -, बढाने के लिए शॉर्टकट कीय Ctrl+ Numpad + है।

RakeshMgs

2. **Paint Bucket** इसके माध्यम से आप ड्राइंग में रंग भरने के लिए प्रयोग करते है यदि आप लेफ्ट फिल करने के लिए लेफ्ट क्लिक करते है तो यह foreground कलर फिल होगा यदि राईट क्लिक करते है तब बैकग्राउंड कलर फिल होगा।
3. **Text** इसके माध्यम से पेज पर टेक्स्ट लिखने के लिए प्रयोग करते है, जब आप टेक्स्ट लिखना स्टार्ट करेंगे तो इसमें एक मेनू और बढ़ जायेगा जिसका नोट्स आपको लास्ट में पढने को मिलेगा
4. **Eraser** इसके माध्यम से ड्रा किये गए ऑब्जेक्ट को फ्री फॉर्म में मिटाने के लिए प्रयोग करते है इसकी साइज़ भी घटाने बढाने के लिए वही शॉर्टकट कीय है जो पेंसिल साइज़ को घटाने बढाने के लिए प्रयोग करते है।
5. **Color Picker** इसके माध्यम से आप किसी बनाये गए रंग को कॉपी करने के लिए प्रयोग करते है। जैसे आप ने कोई रंग बनाकर ऑब्जेक्ट में फिल किया है जो आपके कलर बॉक्स में नहीं है और वही कलर आपको दुसरे ऑब्जेक्ट में फिल करना है तब आप इसके माध्यम से वो कलर पिक कर सकते है जो आप चाहते है फिर पेंट बकेट से फिल कर सकते है।
6. **Magnifier** इसके माध्यम से पेज को ज़ूम करके देखने के लिए प्रयोग करते है।
7. **Brushes** इस आप्शन के मदद से आप अलग अलग ब्रश इस्तेमाल करके attractive डिजाईन बना सकते है।

**Shapes इसके अन्दर आपको 3 आप्शन मिलेंगे जिसका कार्य निम्नलिखित है।**

1. **Shapes** इसके अन्दर आपको कई प्रकार के शेप मिलेंगे जिसे आप ड्रा करके रंग भर सकते है।
2. **Shape Outline** इसके माध्यम से किसी भी ऑब्जेक्ट का आउटलाइन मोटा पतला कर सकते है। लेकिन ध्यान रहे यह ड्रा करने के बाद सेलेक्ट रहना चाहिए या ड्रा करने से पहले ही आपको आउटलाइन मोटा पतला करना होगा।
3. **Shape Fill** इसके माध्यम से आप अपने किसी भी ऑब्जेक्ट को ड्रा करने से पहले सेलेक्ट कर सकते है की ड्रा करने के बाद कैसा रंग फिल हो यानि की सॉलिड कलर, वाटर कलर आदि। जिस शेप को आप ड्रा करना चाहते है पहले उसपे आप एक क्लिक कर लें उसके बाद शेप फिल पर जाकर सेलेक्ट करें जो स्टाइल आपको उसमे भरना हो।

**Colors इसके अन्दर आपको 5 आप्शन मिलेंगे जो निम्नलिखित है-**

1. **Size** इसके माध्यम से आप की पेंसिल या इरेज़र की साइज़ बढ़ा सकते है यदि इसमें दी हुई साइज़ ज्यादा बढ़ाना हो तब कण्ट्रोल बटन के साथ नमपैड के प्लस को दबाने साइज़ बढ़ेगी और कण्ट्रोल के साथ माइनस दबाने से घटेगी।

2. **Color 1** यह Foreground कलर है से आप कलर सेलेक्ट किये रहेंगे वो पेंट बकेट से किसी ऑब्जेक्ट में फिल करने के लिए प्रयोग करते है।
3. **Color 2** यह Background कलर है इसके जो कि पेज का कलर होता है इसमें जो भी कलर सेलेक्ट रहेगा वो इरेज़र से मिटने पर वही रंग आपके पेज पर दिखने लगेगा।
4. **Color Palate** इस बॉक्स में आपको कई कलर देखने को मिल जायेंगे जिसे आप किसी भी ऑब्जेक्ट में फिल करने के लिए प्रयोग करते है।
5. **Edit Colors** इसेक माध्यम से आप अपने अनुसार रंग बना सकते है और रंग बनाकर अपने कलर पैलेट बॉक्स में रख सकते है।

## Description of View Menu

इसके अन्दर तिन ग्रुप मिलेंगे जो क्रमशः Zoom, Show or Hide, Display है।

1. Zoom In पेज को बड़ा करके देखने के लिए प्रयोग करते है।
2. Zoom Out पेज को छोटा करके देखने के लिए प्रयोग करते है।
3. %100 इसके माध्यम से आप ज़ूम किये हुए या ज़ूम आउट किए हुए पेज को %100साइज़ में देखने के लिए प्रयोग करते है।

### Show or Hide

1. Ruler इसके माध्यम से आप अपने रूलर बार को लाने और छिपाने के लिए प्रयोग करते है।
2. Grid lines इसके माध्यम से आप पेज को ग्रिड लाइन की तरह देखने के लिए प्रयोग कर सकते है इसी व्यू को छिपाने और लाने के लिए प्रयोग किया जाता है।
3. Status bar इसके माध्यम स्टेटस bar को छिपाने और दिखाने के लिए प्रयोग करते है।

### Display

1. Full Screen इसके माध्यम से अपने ड्राइंग को फुल स्क्रीन में देखने के लिए प्रयोग करते है।
2. Thumbnail इसके माध्यम से थंबनेल को शो और हाईड करने के लिए प्रयोग करते है।

## Description of Text Menu

इसके अन्दर आपको दो ग्रुप मिलेंगे जो क्रमशः Font, Background है

RakeshMgs

**Font इसके अन्दर आपको अपने टेक्स्ट को स्टाइल करने के लिए आप्शन मिल जायेंगे**

1. **Font Family** इसकी मदद से सेलेक्ट किया हुआ टेक्स्ट या पैराग्राफ का स्टाइल बदलने के लिए प्रयोग करते हैं।
2. **Font Size** इसका प्रयोग टेक्स्ट की साइज को छोटा और बड़ा करने के लिए प्रयोग करते हैं अगर किसी सिंगल पैराग्राफ या वर्ड को छोटा था बड़ा करने के लिए प्रयोग करना चाहते हैं तो पहले उसे सेलेक्ट अवस्था में कर ले उसके बाद ही फोंट साइज बदले।
3. **Bold Ctrl+B** सेलेक्ट किए हुए टेक्स्ट को मोटा करने के लिए प्रयोग करते हैं।
4. ***Italic Ctrl+I*** सेलेक्ट किए हुए टेक्स्ट को तिरछा करने के लिए प्रयोग करते हैं।
5. **Underline Ctrl+U** सेलेक्ट किए हुए टेक्स्ट को अंडरलाइन करने के लिए प्रयोग करते हैं।
6. **Strike Through** सेलेक्ट किए हुए टेक्स्ट को बिच में कटे हुए का चिन्ह लगाने के लिए प्रयोग करते है।

**बैकग्राउंड के अन्दर आपको दो आप्शन मिलेंगे जो इस प्रकार है**

1. **Opaque** इसका प्रयोग करेंगे तो टेक्स्ट लिखते समय एक बैकग्राउंड कलर देखने को मिल जायेगा यानि टेक्स्ट एक बॉक्स में लिखायेगा
2. **Transparent** इसके माध्यम से आप टेक्स्ट को पर्दाषिक बना सकते है इसमें पीछे बैकग्राउंड नहीं रहेगा

RakeshMgs